आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 09.02.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल स्कूली छात्रों से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के जरिये बातचीत करेंगे।
- स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिये राज्य में जल्द ही 280 डॉक्टरों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी।
- खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने प्रदेशभर में मिलावटखोरी रोकने के लिए अभियान तेज किया, त्यौहारी सीजन के मद्देनजर राज्य की सीमा से जुड़े क्षेत्रों की संघन जांच की जा रही है।
- देहरादून जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय खेलों के चलते चौदह फरवरी तक सड़क कटिंग के कार्यों पर रोक लगाई।

परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली के भारत मंडपम में कल स्कूली छात्रों से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के जरिये बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम का आठवां संस्करण इस बार नए प्रारूप में आयोजित किया जाएगा, जिसमें आठ एपिसोड होंगे। शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कार्यक्रम के नए प्रारूप के तहत विभिन्न क्षेत्रों की प्रसिद्ध हस्तियां छात्रों से बातचीत करेंगी और अपने अनुभव और ज्ञान को साझा करेंगी। मंत्रालय ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधे बातचीत करने के लिए प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के विभिन्न स्कूलों से 36 छात्रों का चयन किया गया है। कार्यक्रम का दूरदर्शन, स्वयं, स्वयंप्रभा, पीएमओ यूट्यूब चैनल तथा शिक्षा और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालयों के सोशल मीडिया चैनलों पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। परीक्षा पे चर्चा एक संवादात्मक कार्यक्रम है, जिसमें भारत और विदेशों के छात्र, अभिभावक और शिक्षक प्रधानमंत्री से चर्चा करते हैं और परीक्षाओं से उपजे तनाव को दूर कर जीवन को उत्सव के रूप में मनाते हैं।

परीक्षा पे चर्चा– उत्साह उत्तराखंड

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा 2025 के प्रति उत्तराखंड के छात्रों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। इस वर्ष, इस कार्यक्रम ने राष्ट्रीय स्तर पर साढे तीन करोड़ से अधिक छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की भागीदारी के साथ एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उत्तराखंड के छात्र भी इस पहल में बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। छात्रों का मानना है कि परीक्षा पे चर्चा के माध्यम से उन्हें परीक्षा के तनाव को कम करने और अध्ययन के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद मिलती है। देहरादून की एक छात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री से सीधे संवाद करने का अवसर में परीक्षा के प्रति एक उत्सव जैसा दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

भर्ती प्रक्रिया

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए जल्द ही 280 डॉक्टरों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर धनसिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ स्वीकृत बजट, व्यय और निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। स्वास्थ्य मंत्री ने अवशेष बजट के त्वरित और प्रभावी उपयोग के निर्देश दिए। इसके अलावा, स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने पर ध्यान देते हुये तीमारदारों के लिए रैन बसेरा निर्माण, चिकित्सकों के लिए आवासीय सुविधाएं विकसित करने और अन्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर चर्चा की गई।

## आवेदन तिथि बढोतरी

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 18 फरवरी तक बढ़ा दी है। इसके अतिरिक्त, आवेदन विंडो बंद होने के अगले दिन से सात दिनों की समाप्ति तक यानी 25 फरवरी तक आवेदन में सुधार के लिये विंडो भी खुली रहेगी।

## अभियान

खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने प्रदेशभर में मिलावटखोरी रोकने के लिए अभियान तेज कर दिया है। सचल दस्तों द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है, जिसमें अब तक 12 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किए गए हैं और कई प्रतिष्ठानों पर जुर्माना लगाया गया है। अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने स्पष्ट किया है कि मिलावटखोरों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि त्योहारी सीजन में नकली खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए सीमावर्ती इलाकों में सघन जांच की जा रही है।

अपर आयुक्त ने बताया कि प्रदेश में ठेले और फूड स्टॉल संचालकों के पंजीकरण का निर्देश दिया गया है और बिना लाइसेंस कारोबार करने वालों पर कार्रवाई होगी।

इस बीच, खाद्य पदार्थों में मिलावट की शिकायत दर्ज कराने के लिए टोल–फ्री नंबर 1 8 0 0 1 8 0 4 2 4 6 जारी किया गया है, जिस पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

## करियर कांउसलिंग

बागेश्वर में जिला सेवायोजन कार्यालय और कॅरियर काउंसलिंग केंद्र द्वारा शिक्षा विभाग सभागार में एक दिवसीय कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के लगभग 140 छात्र–छात्राओं और शिक्षण मार्गदर्शन केंद्र के प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। जिलाधिकारी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि इसके लिये मेहनत और निपुणता आवश्यक है। उन्होंने पारंपरिक करियर विकल्पों के साथ–साथ आधुनिक करियर संभावनाओं पर भी जोर दिया।

कार्यक्रम में साईकोलॉजिस्ट डॉ. वीणा कृष्णन ने मानसिक स्वास्थ्य, रुचियों की मैपिंग, तनाव प्रबंधन और करियर प्रगति पर व्यावहारिक जानकारी दी। वहीं, जन शिक्षण संस्थान के निदेशक डॉक्टर जितेंद्र तिवारी ने प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों को करियर विकल्पों और मनोवैज्ञानिक रूप से तैयार रहने के टिप्स दिए।

## जिलाधिकारी निर्देश

देहरादून में 14 फरवरी तक जिले में कहीं भी सड़क कटिंग की अनुमति नहीं होगी। जिलाधिकारी सविन बंसल ने कहा है कि राष्ट्रीय खेलों के चलते किसी भी प्रकार की खुदाई प्रतिबंधित रहेगी, हालांकि निर्माण कार्य जारी रखने के लिए बिना सड़क काटे साइड वर्क करने की अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा कि जनसुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार से समझौता नहीं किया जाएगा और अगर सड़क पर मलबा, गड्ढे या क्षतिग्रस्त जल संयोजन पाया गया तो संबंधित विभाग पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि 15 फरवरी के बाद सड़क क्रॉसिंग वाले स्थानों पर विद्युत, पेयजल और सीवर लाइन बिछाने का कार्य केवल रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक ही किया जा सकेगा। कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया गया है कि रात में कार्य पूरा होने के बाद ड्रेनेज सिस्टम को ठीक से बंद किया जाए ताकि कोई दुर्घटना न हो और आम जनता को परेशानी न हो।

मौसम / बर्फबारी

उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में आज हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार आज उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर के तीन हजार पांच सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बर्फबारी की संभावना है। विभाग के अनुसार ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का यह दौर अगले तीन दिनों तक जारी रह सकता है।